हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025

04 मोहल्ले में पहली बार पहुंच सकी दमकल...



07 कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित...





## खबर संक्षेप

### मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो आज आएंगे

**विदिशा।** मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो आज विदिशा आएंगे। दोपहर 3.30 बजे वह एडवोकेट विमल तारण से मुलाकात करेंगे। अगले दिन बुधवार को वात्सल्य स्कूल की संचालिका देवना अरोरा के निवास पर पहुंचेंगे। 30 तारीख को बल्लाखेड़ी जाएंगे और 31 तारीख को जालोरी गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### फसल में हुई क्षति का टीम ने किया निरीक्षण

**विदिशा।** तहसील ग्यारसपुर के ग्राम पीपलखेड़ी में अचानक हुई वर्षा से धान की फसल को हुए नुकसान का निरीक्षण राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने किया। एसडीएम शशि मिश्रा के निर्देशन में नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारी ने स्थल पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। निरीक्षण में पाया गया कि किसानों सुनील, लखन, कैलाश, जालम व सवाजीत लोधी की कटी व खड़ी फसल वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई।

### सीएम डॉ. मोहन यादव 30 को विदिशा आएंगे

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरा 30 अक्टूबर की तैयारियों को लेकर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को समीक्षा बैठक ली। सीएम सांसद खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ करेंगे। मुख्य कार्यक्रम सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल स्टेडियम परिसर में शाम 5 बजे होगा, जिसके लिए प्रकाश व्यवस्था और वैकल्पिक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### आज से शुरू होगी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप

**विदिशा।** मध्यप्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में चौथी मिनी एवं 59वीं सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 700 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे। स्थानीय खिलाड़ी भी इसमें भाग लेकर विदिशा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### कुपोषित बालिका को पोषण किट वितरित

**विदिशा।** नगर परिषद शमशाबाद क्षेत्र के वार्ड 13 स्थित आंगनबाड़ी भवन पर आज सोमवार को वार्ड 15 की एक कुपोषित बालिका दिव्या, उम्र 2 वर्ष, पिता मनोज आदिवासी एवं माता सोनम की पुत्री को पोषण सामग्री से युक्त किट वितरित की गई। इस दौरान तहसीलदार प्रेमलता पाल, सीएमओअनिल बिदुआ, नायब तहसीलदार दर्शनलाल नेगी एवं आंगनबाड़ी सहायिका उर्मिला सक्सेना उपस्थित रहीं।

### हमला करने वाले आरोपी को भेजा जेल, कलेक्ट्रेट पहुंचे सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष बसंत जैन ने कहा...

# शांतिप्रिय विदिशा को नहीं बनने देंगे, यूपी- बिहार आरोपी को छोड़ दो पर मास्टरमाइंड का पता लगाओ

**अभिभाषक संघ, जैन समाज के विभिन्न संगठन सहित कांग्रेस ने हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन किया प्रदर्शन**



जैन समाज की महिलाएं भी सड़कों पर उतर आईं

पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल कॉल डिटेल्स की जांच शुरू कर दी है। वीडियो बनाने वालों की पहचान की जा रही है। एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

**कांग्रेस ने लगाए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक मुकेश टंडन के खिलाफ नारे**

*भाजपा नेता और एडवोकेट विमल प्रकाश तारण पर हुए हमले के विरोध में सोमवार को आधे दिन विदिशा बंद रहा। जिला अभिभाषक संघ, जैन समाज के विभिन्न संगठन और कांग्रेस ने हमले के विरोध में कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक मुकेश टंडन के खिलाफ भी नारेबाजी की गई। जैन समाज ने कहा की विदिशा हमेशा से ही शांतिप्रिय शहर रहा है। हम इसे यूपी- बिहार नहीं बनने देंगे। जैन समाज ने एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपते समय कहा कि आरोपी तो मोहरा है। उसे भले ही छोड़ दो, लेकिन इस हमले के पीछे मास्टर माइंड कौन है और किसके इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस उसका पता लगाकर बताए और उस पर कार्रवाई कर नाम सार्वजनिक करें।*



नहीं खुलीं दुकानें, आधे दिन बाजार में पसरा रहा सन्नाटा।




विदिशा। जिला अभिभाषक संघ ने कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन कर एडिशनल एसपी को सौंपा ज्ञापन।




विदिशा। कांग्रेसियों ने घटना के पीछे के मास्टर माइंड को उजागर करने की मांग रखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भाजपा के वरिष्ठ नेता विमल प्रकाश तारण पर हुए हमले के विरोध में व्यापारियों ने सोमवार सुबह दुकानें नहीं खोली।

आधे दिन विदिशा बंद रहा। बाजार का सन्नाटा भी एडवोकेट विमल तारण पर हुए हमले का विरोध करता नजर आया। जिला अभिभाषक संघ, जैन समाज के विभिन्न संगठन और कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया। भारी संख्या में जैन समाज के लोग विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन में समाज की महिलाएं भी शामिल हुईं। सकल दिंगबर जैन समाज के बसंत जैन ने एसपी रोहित कासवानी से कहा कि विदिशा शांतिप्रिय शहर है इसे यूपी-बिहार नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि आरोपी तो मोहरा है। उसे भले ही छोड़ दो पर घटना के मास्टर माइंड का पता लगाओ और उसको पकड़ो। इस घटना के पीछे कौन-कौन हैं उन सभी के नाम सामने आने चाहिए और उन्हे सजा मिलना चाहिए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जांच में साजिश का खुलासा नहीं होता है तो संघ कड़ा आंदोलन करेगा। इधर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में जमीन पर बैठकर प्रदर्शन किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक मुकेश टंडन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विदिशा में गोलीकांड और चाकूबाजी जैसी वारदातें आम हो गई हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कानून-व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उनका आंदोलन और अधिक व्यापक रूप ले सकता है। ज्ञापन देने पहुंचे लोगों में शहर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।



शिवराज जी, अब तो चुप्पी तोड़ो! शांतिप्रिय विदिशा में दो दिन पहले भाजपा से ही जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता विमल प्रकाश तारण के साथ सरेराह मारपीट हुई, थप्पड़ मारे गए और वीडियो बनाए गए। तारण ने आरोप लगाया कि इसके पीछे भाजपा के ही नेता हैं। उन्होंने खुद शिवराज सिंह चौहान से न्याय की गुहार लगाई...लेकिन "विदिशा मेरे हृदय में बसता है" कहने वाले शिवराज अब तक मौन हैं। बिहार में 'जंगलराज' का डर दिखाने वाले शिवराज, अपने ही घर विदिशा में पनप रहे 'भाजपाई जंगलराज' पर कब बोलेंगे?
- प्रतापभानु शर्मा, पूर्व सांसद

# भारी विरोध के बाद भी स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी में बिजली कंपनी, जिले में 1 लाख 26 हजार लगाए जाएंगे

### उपभोक्ताओं का कहना: कंपनी को फायदा, इसलिए अड़ियल रुख अपनाया जा रहा

- स्मार्ट मीटर योजना पर उठे सवाल, उपभोक्ताओं ने बिलिंग पारदर्शिता पर जताई शंका।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




बिजली कंपनी द्वारा विदिशा जिले में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर जहां कंपनी ने उन्हें उपभोक्ताओं के हित में बताया है, वहीं अब इस योजना की पारदर्शिता और बिलिंग प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

कंपनी का दावा है कि जिले में 1 लाख 26 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जिनमें से 26 हजार से ज्यादा मीटर स्थापित हो चुके हैं। अधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर से न केवल रीडिंग ऑटोमेटिक होती है बल्कि उपभोक्ता 'उपाय एप' के माध्यम से वास्तविक समय की खपत और अनुमानित बिल भी देख सकते हैं। हालांकि, शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई उपभोक्ताओं ने दावा किया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी बिलिंग में पारदर्शिता की कमी बनी हुई है। कुछ उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर से बिजली कार्यालय में ही बैठकर काटी जा सकती है इसलिए इन्हे विरोध के बाद भी जबरिया लगाया जा रहा है। इधर बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अब तक लगाए गए लगभग 3.90 लाख स्मार्ट मीटरों में से किसी में भी तकनीकी समस्या नहीं आई है।

मीडिया कार्यशाला में महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सीके पवार ने बताया कि सितंबर माह में विदिशा के 19,938 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 11 लाख 57 हजार रुपए से अधिक की टीओडी रियायत दी गई। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मानवीय त्रुटियों को समाप्त करते हैं और समय पर सटीक बिल जारी करते हैं।

### तहसीलदार ने खाद वितरण व्यवस्था का किया निरीक्षण

**विदिशा।** तहसीलदार प्रीति पंथी ने सोमवार को डब्ल-लॉक केंद्र पर भंडारित एवं वितरित की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। श्रीमती पंथी ने कहा कि सभी प्रकार की खाद की उपलब्धता, भंडारण और वितरण संबंधी जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। उन्होंने भंडारण स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, वितरण रजिस्टर एवं स्टॉक का मिलान भी किया। तहसीलदार ने अधिकारियों को सतत निगरानी के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

# वैशाली नगर में दुकान पर चोरी, नकदी और राजश्री गुटखा के पैकेट ले उड़े चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- डागा वस्त्रालय के सामने भी रात में दुकान के ताले टूटे।

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैशालीनगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और गल्ले में रखी लगभग 16 से 17 हजार रुपए की नकदी सहित राजश्री गुटखा के पैकेट चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस ने डॉग स्क्वाड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए हैं। एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि फिलहाल फरियादी थाने में औपचारिक रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं पहुंचे हैं, लेकिन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जल्द ही आरोपियों का पता लगाया जाएगा। दुकान संचालक सत्यम सागर चौरसिया ने बताया कि सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो ताला टूटा मिला और नकदी के साथ सामान गायब था। लोगों में इस वारदात को लेकर रोष है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

### लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन में कमजोर प्रदर्शन वाले विभागों को चेताया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को विभागों में लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, जनसुनवाई एवं वरिष्ठ अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली।

अपर कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग सूची में विदिशा जिला पिछड़ता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने सी और डी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो प्रशासन कार्यवाही करने को बाध्य होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी आवेदन को 100 दिनों से अधिक लंबित न रहने दें, ताकि शिकायतें समयसीमा में निपटाई जा सकें। श्री डामोर ने भावांतर योजना के तहत पंजीकृत किसानों के सत्यापन कार्य की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में शत-प्रतिशत सत्यापन पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी दो दिनों में जिले को तीन रैक खाद प्राप्त होंगी।

अपर कलेक्टर ने खाद वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाए जाने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान स्कूलों, आंगनबाड़ियों और छात्रावासों में मेन्यू के अनुसार भोजन वितरण, उचित मूल्य दुकानों से राशन उठाव और संवादीय कार्यक्रमों में बच्चों से संवाद कर व्यवस्थाओं की क्रॉस मॉनिटरिंग करें। साथ ही सभी सर्किट हाउसों के जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अनुविभागीय अधिकारी व खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में प्रधानमंत्री आवास, पीएमएमयू, सीएम राइज स्कूल, नल-जल योजना, जनमन, खाद-बीज वितरण, स्वास्थ्य एवं राजस्व प्राप्ति जैसे विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए अपर कलेक्टर अनिल डामोर।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1790
उच्चतम भाव-5091
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7310
चना
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव- 5660
मसूर
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-8050
उड़द
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6200
मक्का
न्यूनतम भाव- 1000
उच्चतम भाव- 1880
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3047
धान
न्यूनतम भाव-500
उच्चतम भाव-3000
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6200
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2350
उच्चतम भाव-3175
गेंहू
न्यूनतम भाव- 5700
उच्चतम भाव- 6500
बटरी
न्यूनतम भाव- 2810
उच्चतम भाव- 3900

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 27023 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### पंचतत्व के सुरेन्द्र दांगी को पितृ शोक



**गंजबासौदा।** सुरेंद्र सिंह दांगी (पंचतत्व) नरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह ,बृजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह के पिताजी एवं उपेंद्र, शुभम, विवेक के दादाजी गंभीर सिंह दांगी कुल्हार किशनोदा वालों का सोमवार को स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को सुबह 9 बजे निज निवास अयोध्या नगर काला बाग से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली जाऐगी। क्षेत्रवासियों ने दांगी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।


### कार्रवाई को लेकर शिकायती आवेदन दिया

**गंजबासौदा।** सोमवार दोपहर अंबेडकर चौक पर वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद नीलू अहिरवार और कांग्रेस नेताओं ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ धरना दिया। यह प्रदर्शन वार्ड में अवैध रूप से बेची जा रही शराब पर रोक लगाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर किया गया। प्रदर्शन के दौरान पार्षद के साथ कांग्रेस नेता और अन्य पार्षद भी शामिल हुए। उन्होंने अवैध शराब बिक्री रोकने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सिटी थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा।

## नपा द्वारा बनवाए गए बायपास मार्ग की नजर आई उपयोगिता

# मोहल्ले में पहली बार पहुंच सकी दमकल, घर में लगी आग बुझाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नगर के वार्ड नंबर 15 मिर्जापुर बस्ती स्थित एक घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। यह बस्ती इतनी घनी और संकरी गलियों के बीच बसी हुई है कि वहां तक चार पहिया वाहन पहुंचना भी मुश्किल होता था, लेकिन नपा द्वारा बनवाए गए नए बायपास मार्ग के कारण आज नपा की दमकल घटना स्थल तक समय पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

उल्लेखनीय है कि सावरकर चौक क्षेत्र में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने नाले के किनारे से अतिक्रमण हटाकर पचमा रोड तक नया बायपास मार्ग बनवाया है। इस मार्ग से अब वाहन मिर्जापुर, सुंदर मंदिर क्षेत्र, सफाई कामगार क्वार्टर क्षेत्र तक आसानी से पहुंच सकते हैं। सोमवार को मिर्जापुर की घनी बस्ती में आग लगने पर इसी बायपास से दमकल मौके तक पहुंच सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्जापुर वार्ड क्रमांक 15 निवासी जितेंद्र वंशकार के मकान में अज्ञात कारणों के चलते शाम लगभग 7 बजे अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जो देखते ही देखते इतनी तेज बढ़ गई कि उस पर काबू करना मुश्किल हो गया। पहले मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने का अपने स्तर पर प्रयास किया, लेकिन जब आग पर काबू नहीं हो पाया तब नागरिकों ने तुरंत फायर बिग्रेड को फोन लगाया। फोन लगाने के कुछ देर में ही दमकल मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर द थोड़ी देर बाद आग पर काबू कर लिया। मकान मालिक जितेंद्र वंशकार ने बताया कि मकान के ऊपर एक कच्चा टीन शेड बना हुआ था और उसमें कपड़े सहित खाना बनाने का सामान रखा हुआ था। जिसमें आग लग जाने से खाद्य सामग्री एवं घरेलू सामान जल गया। जिससे उसे हजारों का नुकसान हो गया। उधर मोहल्ले के लोगों का कहना था कि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा सावरकर चौक से पचमा बाईपास तक मार्ग खुलवाने एवं बनवाने से आज आग लगने पर इतिहास में पहली बार वार्ड की गली में फायर बिग्रेड पहुंच सकी।

## पांचवे दिन हुई घंटों तक झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर सहित इलाके भर में सुबह से ही हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया था। दोपहर के बाद तेज बारिश का दौर शुरु हुआ जो देर तक चलता रहा। जिससे कुछ किसानों के चेहरे खिल गए तो कुछ किसानों को अब खेतों में कटी पड़ी धान अब खराब होने की चिंता सताने लगी है। उल्लेखनीय है पिछले कुछ दिनों से से पूरे क्षेत्र में कहीं कम तो कहीं अच्छी बारिश हो रही थी, लेकिन सोमवार को दोपहर से नगर सहित इलाके भर में तेज बारिश हो गई। इसके बाद घंटों तक रिमझिम बारिश के बीच बौछारों का सिलसिला चलता रहा। जिससे मौसम में ठंडक आ गई। जिन किसानों ने मौसम के पूर्वानुमान देखकर फसल गहाई के बाद खेत बखर दिए थे, उनके खेतों में पलेवा हो गया है। जिससे किसानों की पलेवा के रूप में होने वाली सिंचाई बच गई है। लेकिन धान उत्पादक किसानों की चिंता बढ गई है। इस बारिश से धान की फसल आडी होने और कटी फसल खराब होने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड सकता है।

उधर भारतीय मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों तक मौसम के ऐसे ही तेवर बने रहने और तेज बारिश के संकेत दिए हैं। जबकि वेबसाइटों ने आगामी 31 अक्टूबर तक बादल छाने और कभी कभार बारिश की संभावना जताई है।

## नपा अमले ने रिपटा घाट पर की साफ-सफाई



**गंजबासौदा।** सोमवार को छठ पूजा के अवसर पर बेतवा नदी के रिपटा घाट की नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर नगरपालिका सफाई अमले द्वारा साफ, सफाई कराई गई एवं कचरा हटवाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी आर के नेमा, धर्मेन्द्र, प्रभारी मेट सहित सफाई कामगार मौजूद रहे।

## कन्या मंडी शाला में जागरुकता दिवस मनाया



**गंजबासौदा।** सोमवार को शासकीय कन्या मंडी शाला स्कूल में सतर्कता जागरूकता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर निबंध, पोस्टर पेंटिंग, शपथ एवं रैली विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सावित्री महिला मंडल के सहयोग से किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से विद्यालय के प्राचार्य प्रभात श्रीवास्तव, प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र सिंह रघुवंशी, मंडल संरक्षक वंदना तिवारी, अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनाली शेबड़े, कार्यालय प्रभारी रश्मि देशपांडे, रेखा सोनी, मेघा जैन, सरिता श्रीवास्तव, वर्षा ठाकुर, कविता निगम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राखी जैन ने एवं आभार रश्मि देशपांडे ने व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में शासकीय कन्या मण्डी शाला की लगभग 70 बालिकाओं ने भाग लिया। इस दौरान समस्त विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद रहा।

### साइबर अपराध को लेकर छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

**गंजबासौदा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में एक निजी स्कूल में साइबर अपराध से बचाव हेतु छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि अज्ञात या संदिग्ध स्रोतों से आए ईमेल, संदेश या लिंक पर कभी भी क्लिक न करें। सार्वजनिक वाईफाई के बजाय सुरक्षित और एनक्रिप्टेड कनेक्शन का उपयोग करें और जहाँ तक संभव हो, वीपीएन का उपयोग करें। अपने सभी खातों के लिए मजबूत, अद्वितीय पासवर्ड का उपयोग करें और जहाँ उपलब्ध हो, मल्टी-लेयर प्रमाणीकरण सक्षम करें। अपनी वित्तीय जानकारी, जैसे बैंक खाता संख्या, क्रेडिट कार्ड नंबर या सोशल सिक्योरिटी नंबर, केवल सुरक्षित (**HTTPS**) वेबसाइटों पर ही साझा करें। केवल पैसे भेजने के लिए अपना **UPI** पिन दर्ज करें, प्राप्त करने के लिए नहीं। धोखेबाज अक्सर एक ऐसा संदेश भेजते हैं जिससे आप अपना पिन दर्ज कर दें। अपने कंप्यूटर और डिवाइस को सुरक्षित रखने के लिए नियमित रूप से एंटीवायरस और फ़ायरवॉल सॉफ़्टवेयर का उपयोग करें। अपने बैंक खातों और क्रेडिट रिपोर्ट की नियमित रूप से जांच करें ताकि किसी भी अनधिकृत गतिविधि का तुरंत पता चल सके। अज्ञात लोगों से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और अपनी गोपनीयता सेटिंग्स को मजबूत रखें। छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को जागरूक किया गया।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय की डॉक्टर आरती खत्री, मनीष राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर आरती खत्री ने कहा कि हमारे जीवन में शरीर का स्वस्थ होना बहुत ही जरूरी है, स्वास्थ्य ही हमारा सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारा पहला कार्य होना चाहिए। डॉक्टर मनीष राव ने कहा कि धूम्रपान, शराब पीने और ड्रग्स जैसी हानिकारक नशीले पदार्थों के सेवन से हमें बचना चाहिए। सभी को अपने भोजन में प्रोटीन, विटामिन तथा आवश्यक खनिज तत्वों को शामिल करना चाहिए। रात को जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना चाहिए। सभी छात्र, छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें उनके हीमोग्लोबिन, वजन और ऊंचाई का परीक्षण किया गया एवं आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा, दिनेश कुमार ओझा, स्वतंत्र कुमार जैन, भारती पंथी, विजय शर्मा, प्रीति चतुर्वेदी, अनीता बैरागी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आत्मनिर्भर स्वदेशी भारत अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, राजेश तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने सहभागिता की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं, बहिनें एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए।

## गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्मदिन मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी एवं पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर 1890 में हुआ था उन्होंने अपनी शिक्षा मुंगावली (ग्वालियर) में प्राप्त की। वह उर्दू और फारसी में निपुण थे,गणेश शंकर विद्यार्थी एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और निडर पत्रकार थे। उन्होंने 1913 में हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र प्रताप की स्थापना की और किसान तथा श्रमिकों की आवाज बने। उन्होंने होमरूल आंदोलन, असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा जैसे स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। विद्यार्थी ने विदिशा में भी शिक्षा ग्रहण की 1931 में कानपुर के दंगों को शांत करने की प्रयास करते हुए शहीद हुए। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज का नाम रखा गया। इस अवसर पर नंद किशोर सोनी, लाखू यादव, बबलू राय, प्रदीप अरोड़ा, कैलाश नेमा, उत्तम सोनी आदि पाठकगण उपस्थित थे।

## राकेश अरोरा निर्वाचन अधिकारी, आकाश कुर्मी सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

# दिसंबर में होंगे अभिभाषक संघ के चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अभिभाषक संघ की वर्तमान कार्यकारिणी का 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से पूर्व सोमवार को पुराने तहसील भवन स्थित अभिभाषक सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन अभिभाषक संघ अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह चौहान की उपस्थिति में किया गया। जहां संघ के सचिव अभिषेक रघुवंशी ने कार्यकाल समाप्त होने की घोषणा की। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी के रूप में राकेश अरोरा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी आकाश कुर्मी बनाए गए हैं। दिसंबर माह में अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। सचिव अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि बैठक में सर्व समिति से प्रस्ताव पारित किया गया कि कार्यकाल पूरा होने से पूर्व अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में कार्यकाल समाप्त होने की घोषणा के साथ 20 दिसंबर तक चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी की जाए। इसका प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। आगामी चुनाव में नटेरन अभिभाषक के लिए कोई कार्यकारिणी सदस्य की सीट आरक्षित नहीं रहेगी। उसकी जगह अब महिला अधिवक्ता के लिए कार्यकारिणी सीट के आरक्षण प्रक्रिया पर सहमति बनी है। अभी तक कार्यकारिणी में महिला अधिवक्ता के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं थी, लेकिन संघ में महिला अधिवक्ताओं की संख्या बढ़ाने के कारण एक महिला अधिवक्ता को अब सीट आरक्षित की जाएगी। बैठक में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिसमें करीब 7 लाख 68262 रुपए आय बताई गई। इसके अलावा खर्च का विवरण भी अलग-अलग प्रस्तुत किया गया है। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार और तर्क के साथ सुझाव भी प्रस्तुत किए। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राकेश अरोरा ने बताया कि अधिवक्ताओं की शेष वार्षिक फीस जमा करने की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद मतदाता सूची तैयार कर अंतिम सूची जारी की जाएगी। साथ ही चुनाव की तारीख की भी घोषणा की जाएगी।

### बारिश के चलते दो दिन के क्रिकेट मैच रद्द



**गंजबासौदा।** नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में रविवार को नगर खेल प्रेमी एवं पूर्व बीआरसी स्व. कपिल तिवारी की पुण्य स्मृति में लीजेंड क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ था। सोमवार को पहला मैच होने के बाद ही तेज बारिश हो जाने से ग्राउण्ड में पानी भर गया। जिससे सोमवार को होने वाले शेष मैच और मंगलवार के सभी मैच रद्द कर दिए गए।

## नगरपालिका अमले ने गंदगी फैलाने वालों पर किया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नगरपालिका अमले ने भ्रमण कर सड़क पर कचरा फैंकने वाले दुकानदारों पर स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा के नेतृत्व में जुर्माने की कार्रवाई की। इस दौरान पचमा रोड पर शराब दुकानों के आसपास लगी दुकानों एवं गुमटियों में विक्रय होने वाली खाद्य सामग्री एवं फेंकी जाने वाली गंदगी, अहाता वालों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी, जिनमें पानी पाउच एवं डिस्पोजल सामग्री शामिल हैं, उसकी सफाई कराई गई। ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध स्पॉट फाइन लगाकर 1900 रूपए जुर्माना वसूला गया एवं दुकानदारों को भविष्य में गंदगी न फैलाने की हिदायत दी गई। ज्ञात हो कि शराब दुकानों के आसपास संचालित गुमठियों से डिस्पोजल एवं खाद्य सामग्री के पैकिट खरीदकर सुरा प्रेमी पाउच आदि को फैंक देते हैं जिससे गंदगी होती है।

**न्यायालय : अब्दुल अजहर अंसारी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड गंजबासौदा तहसील, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.**

प्रो. कमांक 5757/2025
प्र. क्र. 3/2025/MJC-SUC
गंजबासौदा दिनांक -17/10/25

// उपस्थित होने वास्ते नोटिस //

राजकुमारी राजपूत......................... आवेदिका
बनाम
सी.ओ. जनपद पंचायत आदि ......... अनावेदकगण
बनाम :- सर्वसाधारण

सूचित किया जाता है कि वादिया के पति रविन्द्र अनवेकर पिता वासूदेव राव अनवेकर निवासी एस.डी.एम. बंगले के पीछे गंजबासौदा जिला विदिशा जो कि सहायक ग्राम विकास अधिकारी जनपद पंचायत बासौदा में पदस्थ थे जो दिनांक 31/10/2022 को सेवानिवृत हुये थे। रविन्द्र अनवेकर से वादिया का विवाह दिनांक 29/05/2011 को संपन्न हुआ था तभी से वादिया रविन्द्र अनवेकर के साथ पत्नि के रूप में निवास करती रही। रविन्द्र अनवेकर के सेवानिवृत होने पर पी. पी. ओ. नंबर 450/112022/200074306 से राशि 37,450/- रुपए मासिक पेंसन प्रदायगी का आदेश हुआ था उक्त राशि रविन्द्र अनवेकर के खाता क्रमांक 30722475018 में प्रदाय की जाती रही। रविन्द्र अनवेकर का दिनांक 31/01/2025 को स्वर्गवास हो गया। जब वादिया ने प्रतिवादी क्रमांक 1 से रविन्द्र अनवेकर की पेंसन प्रार्थिया को प्रदाय करने का निवेदन किया तो प्रतिवादी क्रमांक 1 द्वारा यह कहते हुये कि आपका नाम सर्विस बुक में वर्तमान में दर्ज न होने से पेंसन प्रदाय नही की जा सकती है। प्रतिवादी क्रमांक 2 ने भी वादिया के आवेदन पर कोई कार्यवाही नही की। वादिया ही उक्त पेंसन राशि प्राप्त करने की एक मात्र उत्तराधिकारी अधिकारी है इस हेतु वादिया ने अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र को प्रस्तुत किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वंय अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 30.10.2025 को अपना पक्ष का समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे। नियत दिनांक 30.10.2025 को आपके उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जावेगा। यदि उक्त दिनांक को न्यायालय में किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण आगामी दिनांक को सुनवाई में लिया जावेगा। आज दिनांक 17/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयकी मुद्रा से जारी किया गया है।

**अब्दुल अजहर अंसारी**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म. प्र.**

## खबर संक्षेप



### मातृशक्ति के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित

**सिरोंज।** नगर के लिंक रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल परिसर में विद्या भारती की सप्त शक्ति संगम कार्य योजना के अंतर्गत भव्य सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा एक से पंचम तक के विद्यार्थियों की मातृशक्ति को आमंत्रित किया गया था। पूरे आयोजन में मातृशक्ति के सम्मान और भारतीय नारी की बहुआयामी भूमिका को हृदयस्पर्शी रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश बाल संरक्षण आयोग की पूर्व सदस्य डॉ. निवेदिता शर्मा,विशेष अतिथि प्रियमवदा शर्मा, अखिल भारतीय विद्या भारती सह मंत्री डॉ. राजश्री वैद्य तथा शरला भार्गव उपस्थित रहीं। विद्यालय की बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित मातृशक्ति को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए डॉ. राजश्री वैद्य ने कहा कि भारतीय नारी देवी की प्रतिमूर्ति होती है, जो समय-समय पर दुर्गा, काली और चंडी का रूप धारण कर समाज कल्याण का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि जैसे गंगा, गायत्री और गीता हमारे जीवन की सुरक्षा करती हैं, वैसे ही सीता, जीजाबाई और अनसूया जैसी माताओं से प्रेरणा लेकर हमें ओजस्वी संतानों का निर्माण करना चाहिए ताकि वे राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकें। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. निवेदिता शर्मा ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि भारतीय नारी मात्र एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संपूर्ण चेतना है, जो परिवार की आधारशिला, समाज की प्रेरणा और राष्ट्र की आत्मा है।

### आत्मा गवर्निंग बोर्ड व जिला स्तरीय निगरानी समिति जिला-सागर की बैठक संपन्न

# कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित करेंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें, जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में आयोजित कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गवार्निंग बोर्ड की बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, सभी एसडीएम, जनपद पंचायत की सीईओ सहित समस्त विभाग अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान संघों के पदाधिकारी की बैठक आयोजित करें एवं जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित करें साथ में प्राकृतिक खेती के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाए। परियोजना संचालक ष्आत्माष जिला सागर द्वारा बैठक में आत्मा व नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना एवं गवर्निंग बोर्ड की बैठक के उद्देश्यों एवं एजेण्डा की जानकारी उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों को दी गई।



कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा निर्देशित किया गया कि आत्मा योजनांतर्गत आगामी समस्त गतिविधि प्राकृतिक कृषि विषय पर आयोजित की जायें तथा कृषक भ्रमण व प्रशिक्षणों में कृषकों के साथ वैज्ञानिक एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से आयोजित कराया जावे। इसके अतिरिक्त विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत सी.ई.ओ. से समन्वय कर महिला फूड सिक्योरिटी ग्रुप गतिविधि हेतु संचालनालय से प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार एक पेड़ मां के नाम तथा महिला समूह पर आधारित अन्य गतिविधियां एक साथ आयोजित की जाएं। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनांतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में अध्यक्ष द्वारा कृषि के साथ सभी एलाइड विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें।

### अधिवक्ता के साथ हुई घटना की निंदा

## अधिवक्ता संघ ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** सोमवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी के ने तत्व में अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुचें और विदिशा अभिभाषक संघ के सदस्य विमल कुमार तरण के साथ हुई मारपीट के विरोध में एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को सौपा। ज्ञापन का वाचन करते हुए अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि 25 अक्टूबर 2025 को विदिशा के वरिष्ठ अधिवक्ता विमल प्रकाश तारण के साथ मारपीट गाली गलौज की गई। इस घटना की अभिभाषक संघ सिरोंज घोर निंदा करता है एवं विदिशा पुलिस को धन्यवाद देता है कि उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। वही अधिवक्ता पर हमला करने वाला आदतन अपराधी बताया गया है और इस अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही किये जाने की मांग की। साथ ही वर्तमान में अधिवक्ताओं के साथ आए दिन गंभीर घटनाएं घटित हो रही है जिस कारण से अधिवक्ता स्वतंत्र रूप से न्यायालीन कार्य नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही सोमवार को अधिवक्ताओं ने न्यायालय कार्यवाही में भाग नहीं लिया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव,घनश्याम शरण त्यागी, असलम सिद्दीकी, मदन मोहन गुजराती,अशोक शर्मा,देवेंद्र शर्मा,निखिल मंढैरिया,रोशनी सेन सहित समस्त लिपिक गण उपस्थित रहे।

## वेयर हाउस पर किसानों को जबरदस्ती दी जा रही नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की बोतल

### किसान नेता रघुवंशी ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



शासकीय खाद वेयरहाउस पर किसानों को डीएपी एवं यूरिया की बोरी के साथ जबरदस्ती नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की बोतल दी जा रही है जबकि पूर्व में शासन स्तर पर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि किसानों को उनकी मर्जी के बगैर उर्वरक की कोई भी बोतल न दी जाए। पूर्व में हुए किसान आंदोलन के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा भी यह स्थिति स्पष्ट की गई थी कि किसानों को यह उर्वरक की बोतल है जबरदस्ती ना दी जाए परंतु पिछले तीन दिनों से सिरोंज के शासकीय खाद्य वेयरहाउस पर किसानों को इन बोतलों के लिए बगैर खाद्य पदार्थ नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर सोमवार को किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने मौके पर वेयरहाउस पहुंचकर एसडीओ कृषि विभाग अनुज धाकड़ से इस संबंध में चर्चा की और किसानों को जबरदस्ती यह बोतल न दिए जाने का आग्रह किया और तत्काल इन बोतलों का वितरण बंद करावाने की बात कही।

### निर्मला कान्वेन्ट स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

## 'जीवन में केवल शिक्षित होना ही जरूरी नहीं है शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारवान बनना भी आवश्यक है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के नया बस स्टेण्ड स्थित निर्मला कान्वेन्ट हायर सेकेण्ड्री स्कूल में पूर्व छात्र सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वर्ष 2010 से वर्ष 2024 बैच के पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था की पूर्व प्राचार्य सिस्टर दाना एवं विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षिका मीनाक्षी भार्गव उपस्थित रही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया।



इसके उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा प्रार्थना गीत गाया गया तथा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व छात्र हर्ष नेमा द्वारा बांसुरी वादन की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर पूर्व छात्रों के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता तथा छात्राओं के मध्य रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण संस्था की प्राचार्य सिस्टर टेंसी के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को संबंधित करते हुए मुख्य अतिथि सिस्टर दाना ने कहा कि जीवन में केवल शिक्षित होना ही जरूरी नहीं है शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारवान बनना भी आवश्यक है। उन्होनें जीवन में एक दूसरे की सहायता एवं सम्मान करने की बात कही। विद्यालय के प्रंबंधक फादर एण्टोनी के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को मीनाक्षी भार्गव एवं पूर्व छात्र संघ की सचिव उज्मा जाहिद के द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल जैन एवं शिक्षिका असमा सादिक द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्रणति भार्गव के द्वारा किया गया।

### धूमधाम से निकली कलश यात्रा का स्थान-स्थान पर स्वागत

## श्रीरामलीला मैदान में सात दिवसीय भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

सोमवार से रामलीला मैदान में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व प्राचीन श्रीजी मंदिर से धूमधाम के साथ कलश शोभायात्रा प्रारंभ हुई शोभा यात्रा का स्थान स्थान पर स्वागत भागवत जी का पूजन करने धार्मिक श्रद्धालु और संगठन सक्रिय बने रहे।

राय परिवार की ओर से 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है कथा के लिए रामलीला मैदान प्रांगण में बड़ा टेंट लगाकर मंच सजाया गया है। श्रीधाम राधा कुंड मथुरा से पधारे कथा व्यास पंडित उमाशंकर शुक्ल द्वारा प्रतिदिन भागवत जी के कथा प्रसंग का विस्तार से वर्णन और ईश्वर की भक्ति का संदेश दिया जाएगा। कथा आयोजक सीताराम राय परिवार की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं।



#### भागवत कथा के प्रमुख प्रसंग

*कथा महोत्सव के दौरान 30 अक्टूबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव 31 अक्टूबर को गिरिराज पूजन 56 भोग 1 नवंबर को रुकमणी श्री कृष्ण विवाह 2 नवंबर को सुदामा चरित्र का वर्णन किया जाएगा कथा समापन पर 3 नवंबर सोमवार को भंडारा प्रसादी का आयोजन रखा गया है। कथा आयोजक सीताराम राय परिवार द्वारा सभी धर्म प्रेमियों से प्रतिदिन रामलीला मैदान पहुंचकर कथा श्रवण की अपील की है।*

## दो दिन बाद थमा बारिश का दौर धूप निकलने से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

शनिवार एवं रविवार को नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश से धान की फसलै भीगी और नमीयुक्त हो गई। कहीं कहीं तो खेतों में पानी भी भर जाने से धान की कटाई थ्रेसिंग और हार्वेस्टिंग से कटाई का कार्य किसानों को बंद करना पड़ा। दो दिन की बारिश के बाद सोमवार को मौसम कुछ साफ हुआ दिन में धूप भी निकली जिससे धान की खेती करने वाले क्षेत्र के हजारों किसान राहत महसूस करने लगे हैं। इसी प्रकार मौसम साफ और तेज धूप निकली तो एक दो दिनों में धान की कटाई फिर शुरू हो जाएगी।

धान सुखा रहे किसान जिन किसानों की शनिवार को बारिश से पूर्व धान कट गई थी खेतों घरों में धान के ढेर लग गए थे बारिश से धान नमीयुक्त हो गई ऐसी धान को किसान धूप निकलते ही सूखाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। भले ही सोमवार को दिनभर बारिश नहीं हुई परंतु आसमान में बादलों का डेरा बना रहा किसानों के बीच भारी चिंता का विषय बना हुआ है।

### धान सूखने के बाद शुरू होगी कटाई



#### हार्वेस्टर से धान की कटाई

*अभी धान की कटाई शुरू हुई थी शनिवार रविवार को दो दिन बारिश से धान भीग गई भीगी धान की फसलों की अत्यधिक नमी के कारण कटाई बंद हो गई किसान धान की हाथ कटाई करवा रहे थे भीगी धान की सूखने के बाद किसान कम समय में धान कटाई के प्रयास में हार्वेस्टर से धान कटाई करवाने का प्रयास करेंगे किसानों के बीच हार्वेस्टरों की मांग और चर्चा बढ़ गई है।*



## शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास बनाने वालों पर करें कार्रवाईः कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर द्वारा लगातार आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के लिए अपने समक्ष सुना जा रहा है और तत्काल उनका निराकरण भी किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में आज उन्होंने कलेक्टर चेंबर में आवेदकों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को अपने समक्ष ही निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों में कहा कि पुलिस अधिकारी गंभीरता से जांच करें और उनका निराकरण कारये उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के संबंध में शिकायत का निराकरण करते हुए निर्देश दिए की कोई भी प्रधानमंत्री आवास का हितग्राही किसी भी शासकीय भूमि पर अपना आवास नहीं बनाएगा पुराने मकान को ही प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से प्रदान की गई राशि से मकान तैयार करेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास नहीं बनना चाहिए उन्होंने निर्देशित किया कि पुराने मकान पर ही जीरो टैग किया जाए।

### नवजात शिशु के डिस्चार्ज के पूर्व जारी हो जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** नवजात शिशु के डिस्चार्ज के पूर्व जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समय सीमा बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सीएमएचओ आदि रहे मौजूद।

#### नाम परिवर्तन सूचना

मैं नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल जी शर्मा, आयु वयस्क निवासी- ग्राम चिरावटा हाल मुकाम वार्ड क्र.29 बंटी नगर विदिशा जिला विदिशा म.प्र.। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, बैंक खाता आदि में मेरा नाम नरेन्द्र कुमार शर्मा, दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा पॉलिसी क्रमांक 352105197 एवं 352083121 में मेरा नाम श्रीलाल शर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। मैं अपनी बीमा पॉलिसी मे अपना सही नाम नरेन्द्र कुमार शर्मा दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल जी शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र CZ 071784

## बार-बार बदलते मौसम से लोगों की सेहत पर पड़ रहा बुरा प्रभाव

### अस्पताल-डॉक्टरों के यहां मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

कभी गर्मी कभी सर्दी कभी बारिश के मौसम का सीधा असर शरीर और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दो दिन हुई बारिश के दौरान धूप नहीं निकली दिन और रात के तापमान में गिरावट आने से हवाओं में ठंडक और शर्द मौसम हो गया है। बार-बार मौसम परिवर्तन से वायरल बुखार सर्दी जुखाम बदन दर्द से पीड़ित मरीजों की तेजी से संख्या बढ़ रही है।

बच्चों पर असर दीपावली अवकाश के बाद सरकारी और प्राइवेट स्कूल खुलना शुरू हो गए हैं। सुबह-सुबह से नन्हे मुन्ने बच्चों की कक्षाएं लगने के कारण ठंडा मौसम में उन्हें स्कूल जाने तैयार होना पड़ता है। सुबह का तापमान कम रहता है जिसके कारण बच्चे सर्दी जुकाम खांसी इत्यादि से प्रभावित पीड़ित हो रहे हैं।सर्दी जुखाम वायरल बुखार पीड़ितों की सिविल अस्पताल प्राइवेट डॉक्टरों अस्पतालों में भीड़ लग रही है।



#### सुबह छा रही धुंध

मौसम परिवर्तन और बारिश के असर से सुबह धुंध हल्का कोहरा भी छाने की स्थिति बन रही है सुबह का ठंडा मौसम दोपहर में गर्मी उमस और शाम से पुनः शरद मौसम लोगों के बीमार होने का कारण बन रहा है। बारिश से अत्यधिक नमी के कारण मच्छरों कीट पतंगों की भी तेजी से संख्या बढ़ रही है।

### दो नवंबर को संविदा कर्मी भोपाल में करेंगे प्रदर्शन

## विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर राज्यमंत्री पटेल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

विद्युत विभाग के संविदा अधिकारी और कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लॉयज एवं इंजीनियर्स एसोसिएशन के बैनर तले स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को बिजली संविदा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन।

#### नियमितीकरण की संविदा कर्मियों ने की

ज्ञापन में एक दशक से अधिक समय से कार्यरत अनुभवी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की गई है। यूनाइटेड फोरम संगठन के सदस्य केके डेहरिया ने बताया कि वे लंबे समय से यह मांग सरकार से कर रहे हैं। तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार ने इसकी घोषणा की थी, लेकिन उसे लागू नहीं किया गया। अब जब कंपनी में नई भर्ती निकली है, तो संविदा कर्मचारी चाहते हैं कि उन्हें सीधे समायोजित कर नियमित किया जाए।




प्रदेश में लगभग 5 हजार संविदा अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत यूनाइटेड फोरम के सदस्य सतीश शुक्ला ने जानकारी दी कि कंपनी ने विभाग में भर्ती के लिए 49 हजार 263 पद निकाले हैं, जबकि पूरे प्रदेश में लगभग 5 हजार संविदा अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं। इतने पदों में से 5 हजार संविदा कर्मियों को नियमित करने में विभाग को कोई दिक्कत नहीं है।

#### 2 नवंबर को भोपाल में शक्ति प्रदर्शन

संगठन के सदस्य सचिन राजपूत ने बताया मध्य प्रदेश के 55 जिले में कलेक्टर महोदय को एवं क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया जा रहा है हमारी मांगे जल्द नई पुरी की गई तो 2 नवंबर को भोपाल में शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा।ज्ञापन सौपते समय संगठन केके डेहरिया,सतीश शुक्ला, दिलीप ठाकुर, सचिन राजपूत, राम सिंह मरकाम अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

#### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गजेन्द्र सिंह यादव एंव श्रीमति असरफी बाई निवासी- राजेंद्र नगर गली न. 02 वार्ड न. 20 तहसील गंजबासोदा जिला विदिशा के स्वामित्व व अधिपत्य का एक आवासीय मकान नं. 736 वार्ड न. 20 नौलखी रोड गंजबासोदा विदिशा में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 20x40-800 वर्गफिट है। एवं जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में - खाली प्लॉट, पश्चिम में - बंटी अहिरवार का प्लॉट, उत्तर में- राज कुमार दुबे की भूमि एवं दक्षिण में - रोड है। दिनांक 14/10/2025 ई रजि.नं. MP42IGR18862025A100926107 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है एवं उक्त आवासीय मकान पर श्री गजेन्द्र सिंह यादव एंव श्रीमति असरफी बाई उक्त संपत्ति इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखी जायेगी, जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी याआपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

भवदीय जीवन सिंह किरार अभिभाषक
कार्यालय - मैन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.
मो.न. 9300265996, 9300383774

#### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोपाल सिंह रघुवंशी एंव श्रीमति मिथलेश रघुवंशी निवासी- ग्राम पचमा तहसील गंजबासोदा जिला विदिशा के स्वामित्व व अधिपत्य का एक आवासीय मकान नं. 423 (P) पटवारी हल्का नं. 48 ग्राम पचमा विदिशा में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1538.68 वर्गफिट है। सर्वे नं. 513 (B) एवं जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में - श्री विजय सिह जी का मकान, पश्चिम में - गली एंव रघुवंशी जी का प्लॉट, उत्तर में- रोड एवं दक्षिण में - देवेन्द्र सिंह का मकान संजीव रघुवंशी जी की भूमि है। दिनांक 16/10/2025 ई रजि.नं MP42IGR18862025A100941055 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है एवं उक्त आवासीय मकान पर श्री गोपाल सिंह रघुवंशी एंव श्रीमति मिथलेश रघुवंशी उक्त संपत्ति इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखी जायेगी, जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं.अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

भवदीय जीवन सिंह किरार अभिभाषक
कार्यालय - मैन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.
मो.न. 9300265996, 9300383774

बिहार-यूपी सहित पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों में सूर्य उपासना के त्यौहार को लेकर छाया उमंग

# छठ महापर्वः नहाय-खाय से लेकर ऊगते-डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर की छठ मैय्या की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि मुख्य रूप से लोक परंपराओं के अनुशासन, सामूहिक श्रद्धा आस्था का अद्भुत संगम है। छठ महापर्व पर भोजपुरी समाज की महिलाएं शहर के प्राचीन मिश्र तालाब के घाट पर छठ मैया की पूजन के लिए एकत्रित हुईं।

सोमवार की शाम को मिश्र तालाब घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हुए परिवार व संतान की सुख समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की गई। त्यौहार की खुशी में भोजपुरी समाज के युवाओं और बच्चों ने मिश्र तालाब घाट पर आतिशबाजी भी की।

मुख्य रूप से भारत देश के पूर्वोत्तर राज्यों यूपी, झारखंड, बिहार आदि राज्यों के अलावा बघेलखंड, बुंदेलखंड समेत एमपी के कई जिलों में रहने वाले भोजपुरी समाज के परिवारों में छठ महापर्व का बड़ा क्रेज है। भोजपुरी समाज के लोग हर साल शहर के मिश्र तालाब घाट पर जुटते हैं। यह त्योहार का उल्लास पूरे चार दिनों तक मनाया जाता है। छठ महापर्व के त्यौहार को लेकर भोजपुरी समाज के परिवार अपने घरों में स्वच्छता का संदेश देते हुए घरों की सजावट लाइट डेकोरेशन, घरों में प्रसाद बनाने में जुट जाते हैं।



### लंबा सिंदूर है अखंड सौभाग्य का प्रतीक

*हिंदू धर्म में हर सुहागिन महिला अपने सिर पर सिंदूर लगाती हैं, सिंदूर सुहागन महिलाओं के सुहाग का प्रतीक माना जाता है। वहीं छठ पर्व पर भोजपुरी समाज की महिलाएं छठ मैया की पूजन के दौरान नाक तक लंबा सिंदूर लगाती हैं। इसके पीछे की पौराणिक मान्यता अखंड सुहागवती महिलाओं के सुहाग की उम्र से जुड़ी हुई है। छठ महापर्व में महिलाएं सुहाग और संतान की मंगल कामना के लिए 36 घंटों का कठिन निर्जला व्रत रखती हैं।*

### ऊगते सूर्य देव को अर्घ्य देकर छठ पर्व का होगा समापन

*भोजपुरी समाज के पं. रमेश तिवारी, वीरलाल यादव, अजय दुबे ने बताया ने कि 25 अक्टूबर खरना पर्व से छठ महापर्व की शुरूआत हुई। सोमवार को संध्या सूर्यास्त होते को अर्ध्य देकर पूजन कर सूर्य भगवान की उपासना की और आज मंगलवार को सूर्योदय के समय सूर्य देवता को अर्घ्य देकर पूजा संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि नहाय-खाय का दिन विशेष रूप से शुभ माना गया है। इस दिन भद्रावास योग भी बना है, जो दोपहर 2.34 बजे से लेकर पूरी रात तक प्रभावी रहेगा।*



# सेमरी की बेटी अंजना अरुणाचल से गुजरात तक करेंगी साइकिल यात्रा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पैडल-टू-प्लांट कार्यक्रम नया भारत-हरा भारत यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित पैडल टू प्लांट कार्यक्रम 'नया भारत-हरा भारत' की यात्रा पर निकल रही रायसेन जिले के दीवानगंज अंतर्गत ग्राम सेमरी निवासी अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से रविवार को झंडी दिखाकर रवाना किया।

पेडल टू प्लांट कार्यक्रम, नया भारत हरा भारत के अंतर्गत अंजना यादव और उनकी टीम के द्वारा अरुणाचल प्रदेश से गुजरात 4 हजार किलोमीटर साइकिल से सफर तय किया जाएगा। इसके अंतर्गत वे भारत की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश देंगी। अंजना यादव सरदार वल्लभभाई पटेल के एकीकृत, सशक्त और प्रगतशील भारत के दृष्टिकोण को भी प्रचारित करेंगी। जिले की बेटी अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव 5 वर्षों से माउंटेनियर के रूप में सक्रिय हैं। अंजना अब तक 20 अंतर्राष्ट्रीय पर्वतों पर चढ़ाई कर चुकी हैं।

अंजना यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं अभी तक यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्बोरस 15 अगस्त 2023 को, ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट कोसियस्ज़को 15 अगस्त 2024 को, मलेशिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट किनाबालु पर भी चढ़ाई कर चुकी हूं।

# बिना डायवर्ट हुई जमीन पर नपा कर रही स्वच्छ चौपाटी का निर्माण

## स्वच्छ चौपाटी में 32 दुकानों का हो रहा धड़ल्ले से निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



नगर पालिका द्वारा सांची रोड पर ऑक्सीजन पार्क के बाजू में स्वच्छ चौपाटी में 32 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। स्वच्छता चौपाटी में चाट, पकौड़े, मुंगोड़ी, नाश्ता, चाउमीन, पानीपुरी, कचौड़ी समोसे सहित कई दुकानें बनाने की कार्ययोजना बनाई गई है। हालांकि यह जमीन राजस्व विभाग की है उसे नगर पालिका में अभी तक हस्तांतरित नहीं की गई है।

बावजूद इसके पिछले 4-5 महीनों से स्वच्छता चौपाटी में 32 दुकानों का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। जबकि राजस्व विभाग ने चौपाटी में दुकानों के निर्माण के लिए जमीन की मंजूरी दी भी नहीं है। लेकिन फिर भी चौपाटी में दुकानों का निर्माण नियम कायदों को ताक पर रखकर चहेते ठेकेदार हैप्पी सिंह भोपाल द्वारा बेरोकटोक कराया जा रहा है।

राजस्व विभाग के अधिकारी भी इस चौपाटी में दुकानों के निर्माण को रोकने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

स्वच्छ चौपाटी में नपा के नियम शर्तों के मुताबिक हर दुकानदार को दुकान आवंटित कर उनसे 2 लाख रुपए वसूल किए जाएंगे। इसके अलावा दुकानदारों से एक हजार रुपए प्रति महीने किराया भी वसूला जाएगा। दुकानदारों को दो लाख रुपए की जमा पगड़ी दुकानदारों को वापस भी नहीं दी जाएगी।




### दुकान आवंटन में मचेगी लूट

*बताया जा रहा है कि स्वच्छ चौपाटी में व्यापारियों को 32 दुकानों को आवंटित करने की नपा ने कार्ययोजना बनाई है। हर दुकानदार से कुल 32 दुकानदारों से 64 लाख रूपए एकमुश्त नपा के एक जनप्रतिनिधि और अधिकारी द्वारा वसूल किए जाएंगे। नियम शर्तों के मुताबिक वह 64 लाख रुपए दुकानदारों को नहीं लौटाए जाएंगे। चाहे दुकानदार की दुकान चले या ताले डल जाएं। उन्हें इससे कोई लेना देना नहीं।*

### इनका कहना है

हां, नगर पालिका से विभाग में एक फाइल प्राप्त हुई है। जिसमें स्वच्छता चौपाटी में जमीन आवंटन की मांग की है। हमने इस फाइल को एसडीएम कार्यालय भेज दिया है। वहां से यह फाइल कलेक्ट्रेट जाएगी, जहां कलेक्टर जमीन आवंटन विचार करेंगे।

**- भरत सिंह मांडले**, तहसीलदार।

# श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**सिलवानी।** नगर के बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस पवित्र आयोजन के यजमान सुरेंद्र यादव एवं उनके परिजन हैं, वहीं कथा वाचन का सौभाग्य कथावाचक पंडित संजय शास्त्री को प्राप्त हुआ है। कथा आरंभ से पूर्व प्रातःकाल माँ विजयासन मंदिर परिसर से एक विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। हाथों में कलश लिए महिलाएँ मंगल गीत गा रही थीं, वहीं युवाओं ने भक्ति संगीत की धुनों पर नृत्य करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में गाजे-बाजे और ध्वज पताकाओं के साथ मुख्य यजमान सुरेंद्र यादव ने श्रद्धाभाव से श्रीमद् भागवत ग्रंथ को सिर पर धारण कर यात्रा का नेतृत्व किया।

आखिर मुक्तिधाम का सपना कब होगा पूरा?

# खेतों में करना पड़ रहा शवों का अंतिम संस्कार

◆ *ग्राम पंचायत गेहलपुर के ग्राम मढैया के रहवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जनपद पंचायत बाड़ी की ग्राम पंचायत गेहलपुर के मढैया सहित अन्य गांवों के ग्रामीणजन मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज हैं। सांसारिक जीवन से जूझ रहा व्यक्ति नश्वर संसार में कई परेशानियां दिक्कत से जिंदगी को आसान बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। लेकिन जब नश्वर संसार से मुक्ति होती है तो मुक्ति धाम में जनपद बेल्ट के गांव जो मुख्य मार्ग से जुड़े हुए हैं।

इसके बाद भी करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद मूलभूत सुविधाएं आज भी लोगों को दर्द दे रही है। शासन प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इंजीनियरों के हाथ में काम और मूल्यांकन का सिस्टम है।

बताया जा रहा है कि और यह सिस्टम भ्रष्टाचार को पंख दे रहा है। पंचायत गहलपुर में लाखों की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। गांव सड़क से लेकर पानी निकासी जैसी समस्याओं से जूझ रही है। जहां सड़कों के निर्माण के बाद इंजीनियर ने जल निकासी के बगैर सड़क का मूल्यांकन कर दिया।



ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी हकीकत और कार्य आदेश के विपरीत सड़कों का निर्माण हो रहा है। सड़क गुणवत्ता से नहीं बन रही है। मोटे कमीशन के आधार पर बन रही हैं। ग्राम पंचायत का असली स्वरूप देखा जाए तो 40 प्रतिशत राशि निर्माण कार्य में खर्च हो रही है और 60 प्रतिशत राशि मोटे कमीशन की आपस मे बंटवारा सिस्टम के तहत भेंट चढ रही है। ग्राम पंचायत में लाखों रुपए की योजनाएं है। विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपया आ रहा है। मनरेगा योजना के तहत धनराशि खर्च की जा रही है, उसमें भारी भ्रष्टाचार हो रहा है।

ग्रामीणजनों का कहना है कि मनरेगा के तहत मढैया गांव में 18 साल बाद मुक्तिधाम का निर्माण किया जा रहा है वह भी आधा अधूरा है। क्योंकि यह राशि मजदूर पर खर्च की जाती है, लेकिन मिशनरी सिस्टम ने इस योजना को भ्रष्टाचारी योजना का स्वरूप दे दिया है। चाहे तालाब गहरी करण निकास नाली सड़क भवन निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।

विकास के नाम पर ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करने वाली टीम जिसमें सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पीसीओ इंजीनियर, सहायक यंत्री, मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने की उपरांत राशि की अंतिम किस्त दी जाती है। लेकिन ग्राम पंचायत में अंतिम किस्त इंजीनियर के मूल्यांकन की फोटो कॉपी के आधार पर सत्यापन होता है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत गेहलपुर में चल रहे घटिया निर्माण कार्यों की इंजीनियर-अधिकारियों की जांच टीम भेजकर जांच कराएंगे। मुक्तिधाम का निर्माण मनरेगा से हो रहा है। समस्याओं का निराकरण कराएंगे।

**- दानिश खान**, सीईओ जनपद पंचायत बाड़ी।

## सरकारी स्कूलों में परीक्षा परिणाम सुधार लाने विज्ञान विषय के शिक्षकों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला हुई आयोजित

**रायसेन।** जिले में शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, परीक्षा परिणाम में वृद्धि के लिए कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में रायसेन स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पाटनदेव में विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। जिसके शुरुआत में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने शिक्षकों से संवाद कर उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों को अधिक रूचिकर बनाने और शैक्षणिक कार्य को पूरी ईमानदारी मेहनत लगन निष्ठा से करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में 60 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले विज्ञान विषय के 36 शिक्षक सम्मिलित हुए।

# संत नामदेव जयंती उत्सव कार्यक्रम को लेकर नामदेव समाज की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न

◆ कमलेश नामदेव (टिल्लू भैया ) बने नामदेव समाज सिलवानी के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



रविवार रात को स्थानीय अशोक नामदेव के गृह निवास पर नामदेव समाज सिलवानी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में समाज के कई वरिष्ठ एवं युवा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस बैठक में आगामी देव उठनी ग्यारस के अवसर पर संत नामदेव जयंती को धूमधाम से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसके तहत कार्यक्रम 1 नवम्बर (शनिवार) को माँ बीजासेन मंदिर, सिलवानी परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन का शुभारंभ सुबह 9 बजे विधिवत पूजन, हवन एवं आरती के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात संत नामदेव महाराज के जीवन दर्शन और उपदेशों पर आधारित कथा व प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होगा।

कार्यक्रम के समापन पर समाजजन एवं भक्तों के लिए महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक के दौरान समाज की नई कार्यकारिणी समिति का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया।

इस अवसर पर कमलेश नामदेव (टिल्लू भैया) को नामदेव समाज सिलवानी का अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष केशव नामदेव (किस्सू भैया), सचिव शंकर नामदेव, कोषाध्यक्ष आशीष नामदेव, व्यवस्थापक राकेश नामदेव, सुनील नामदेव एवं सुरेश नामदेव को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अशोक नामदेव, राजेश नामदेव, गोविंद नामदेव, संतोष नामदेव, बबलू नामदेव सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

सभी ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक जागरूकता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

टीएल बैठकः कलेक्टर ने की योजनाओं व निर्माण कार्यों की समीक्षा

# कुपोषणमुक्त जिला बनाने बच्चों को चिंहित कर बांटेंगे फूड बॉस्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा अभियानों की प्रगति और सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एक नवंबर को जिले में समारोह आयोजन की तैयारियों की जानकारी देते हुए समय पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में विकास और निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्माण एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि बारिश का मौसम समाप्त हो गया है, अधिकारी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्णता कराएं। इसी प्रकार राजस्व तथा कृषि अधिकारियों को कृषि उपज मंडियों का भ्रमण कर सोयाबीन रेट पर नजर रखने निर्देश देते हुए कहा जिले में सोयाबीन का मॉडल रेट समान रहे। उन्होंने गैरतगंज, रायसेन सहित सभी एसडीएम से कृषि उपज मंडियों के भ्रमण की जानकारी ली।

### खास बातें

- मप्र स्थापना दिवस पर कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों से कहा- बारिश खत्म हो गई कार्य में लाए तेजी।



### बच्चों के प्रारंभिक दो साल महत्वपूर्ण, पर्याप्त पोषण आहार मिलना जरूरी

*कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बनाने और जिले को कुपोषण मुक्त बनाने सभी को गंभीरतापूर्वक काम करने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में प्रारंभ के दो साल बेहद महत्वपूर्ण होते हैं तथा उनके समुचित विकास के लिए पर्याप्त पोषण आहार मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम जिले में अति कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करेगी। चिन्हांकित बच्चों को जिले में स्थित इंडस्ट्रीज के माध्यम से पोषण आहार फूड बॉस्केट वितरित की जाएगीं। उन्होंने इसके लिए जिला व्यापार एवं उद्योग महाप्रबंधक को इंडस्ट्रीज से बात करने के निर्देश दिए। फूड बॉस्केट के लिए इंडस्ट्रीज के साथ ही व्यापारी संगठन, समाजसेवी, जिला अधिकारी भी सहयोग करें।*

### पराली के उचित प्रबंधन के लिए गंभीरता से करें काम

बैठक में जैविक खेती को बढ़ावा देने कलस्टर विकसित करने के संबंध में कलेक्टर ने उप संचालक कृषि से जानकारी लेते हुए कहा कि जैविक खेती को बढ़ाने गंभीरता से काम करने की जरूरत है। इसके लिए किए जा रहे प्रयास धरातल पर प्रदर्शित होने चाहिए। उन्होंने जिले में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और परानी के उचित प्रबंधन हेतु किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेने पर उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों की संगोष्ठियां आयोजित कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को इसे गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि कृषि अमला खेतों का भ्रमण करे। किसानों को पराली प्रबंधन हेतु वैकल्पिक उपायों तथा पराली जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जाए। किसानों को हेप्पी सीडर, सुपर सीडर कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए जागरूक करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से कहा कि हार्वेस्टर से धान कटाई के दौरान हार्वेस्टर में स्ट्रो मैनेजमेंट सिस्टम होना अनिवार्य है।

# 'अल्पविराम' परिचय कार्यशाला में 50 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

## आनंद संस्थान के ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सांची ब्लॉक की परिचय कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। जिन्होंने अल्पविराम के माध्यम से स्वयं से मुलाकात की। राज्य आनंद संस्थान द्वारा प्रदेश के सभी 313 ब्लॉक में एक दिवसीय अल्पविराम की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में सांची ब्लॉक से जिले में कार्यशाला की शुरुआत हुई।

प्रतिभागियों ने कार्यशाला को जीवन उपयोगी बताया। कार्यशाला में नगर पालिका, पुलिस, महिला बाल विकास, जन अभियान परिषद आदि विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वय जन अभियान परिषद द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में राज्य आनंद संस्थान के परिचय व उसके कार्यक्रमों का वीडियो दिखाया। कार्यक्रम का संयोजन आनंद विभाग के मास्टर रामकेश टेकाम, अनिल राय एवं आनंदम ने विभिन्न सत्र के माध्यम से स्वयं से मुलाकात की प्रक्रिया स्पष्ट की।

कार्यक्रम में आनंदम सहयोगी राधा राय, जन अभियान के ब्लॉक समन्वयक आनंद नेमा, संतोष राय ने विशेष सहयोग किया।

